




# गुप्त गोदावरी की गुफाओं से बह रही है कमाई की मलाई

## मलाई खाने के लिए बनाए गए दो -दो प्रभारी, हटाने में सीएमओ भी हुए लाचार

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 4 अगस्त यहां से लगभग 18 किलोमीटर दूर नगर परिषद चित्रकूट के स्थित पर्यटन स्थल गुप्त गोदावरी की गुफाओं से वर्तमान समय में जमकर कमाई करने तथा पार्षदों से लेकर अध्यक्ष तथा सीएमओ विधायक सांसदों तक पर्यटकस्थल गुप्त गोदावरी की जो मलाई बह रही है उसे मलाई को इतनी अधिक मात्रा में लोग है कि एक प्रभारी की जगह दो दो प्रभारी की नियुक्ति करना पड़ रहा है.**

जिससे यह यह संभावना लगाई जा रही है एक प्रभारी से नहीं संभाल रही इसीलिए वहां पर दोप्रभारी नियुक्त किए गए हैं जिसके कारण गुफाओं की व्यवस्था के लिए दो- दो प्रभारी



अनिल तिवारी और वीरेंद्र पटेल को बनाया गया है ।सबसे बड़ी बात यह है कि इस पूरे मामले में पार्षदों से लेकरसबके द्वारा चुप्पी साध रखी गई है। फिर चाहे वो नगर परिषद स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता नेता होंया फिर सांसदएविधायक हो गुप्त गोदावरी में अवैधतरीके से पैसा कमाने के लिए वहां के पंडा पुजारी तथा कर्मचारी फर्जी तरीके से अनैतिक कर में लिफ्ट होने की खबरें समाचार पत्रों तथा ट्विटरों में आने के बाद पूर्व विशाल सिंह नगर परिषद चित्रकूट में सीएमओ थे तब उनके द्वारा फर्जी टिकट चलाते हुए दो आउटसोर्स कर्मचारियों को पकड़कर पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई थी तब उस समय सीएमओ विशाल सिंह के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने की भी आवाजें सुनाई पड़ने लगी थीं लेकिन जैसे ही विशाल सिंह चित्रकूट से स्थानांतरित हुए वैसे ही गुप्त गोदावरी में सबकुछ पहले जैसे शुरू हो गया मिली जानकारी के अनुसार सीएमओ अंकित सोनी इस अराजकता को खत्म कर एक प्रभारी को हटाना भी चाहते हैं लेकिन दबाव इतना अधिक है कि वह चाहकर भी नहीं हटा पा रहे हैं.

### मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद भी चित्रकूट में नहीं बंद हो रही है शराब की पैकारी

क्राइम बढ़ने का सबसे बड़ा कारण यहां पर अवैध तरीके से शराब की 24 घंटे बिक्री हैए सतना बस स्टैंड तथानयागांव पुल के ऊपर खटकाना मोहल्ले में रात को 3 से 4 बजे तक शराब उपलब्ध रहती है दूर .दूर से लोग पहुंचकर यहां पर शराब खरीदते हैं शराब पीते हैं उसके बाद क्राइम की वारदातों को अंजाम देते है सतना बस स्टैंड में भी शराब मचाते हैंहंगामा देर रात तक नदी के घाटों के किनारे शराबियों का अपराधी किस्म के व्यक्तियों का जमावडा लगा रहता है चित्रकूट के लोग अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं मुख्यमंत्री मोहन यादव के सख्त निर्देश के बाद भी चित्रकूट में अवैध तरीके से शराब की बिक्री पर पुलिस काबू नहीं पा रही है शराब की रात की बिक्री लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है जगह .जगह चोर बदमाश देर रात देखे जा रहे हैं घातक अंजाम लेकर हमलावर मौके से फरार हो गए हैं चोरी के लिए ड्यूटी को भी बंधक बनाने का प्रयास किया गया है ।यह कोई पहली घटना नहीं है जगह .जगह बदमाशों के लिए लोग जाग रहे हैं मध्य प्रदेश के मझगवाँ से अवैध तरीके से शराब की खेप चित्रकूट पहुंचना और फिर 24 घंटा बिकना यह पुलिस के लिए जी का जंजाल बन रही है और लोगों के लिए सुरक्षा का भाव अलग पहले कर रही पुलिस इसको रोक पाने में असमर्थ है चित्रकूट पुलिस के नाक के नीचे सार्वजनिक स्थलों पर सतना बस स्टैंड के शौचालय के बगल से कई मंदिरों के पास भैरोंबाबा घाट के पास खुलेआम शराब की बिक्री हो रही है मध्य प्रदेश निर्मित ब्रांडेड शराब 24 घंटे उपलब्ध है मझगवा से शराब की खेप चित्रकूट पहुंचती है बिना नंबर की बोलेरो और एक बलेनो गाड़ी चित्रकूट में शराब लेकर आती है दो युवकों की फोटो भी सामने आई है जो शराब लेकर चित्रकूट पहुंचते हैं आबकारी और पुलिस अधीक्षक को संज्ञान लेकर के अवैध शराब के खेत पहुंचने वाले और बिक्री करने वालों पर नकल करनी चाहिए सख्त कार्रवाई करनी चाहि वैसे भी सार्वजनिक मंच पर प्रभारी मंत्री से संत समाज ने शिकायत की थीण् एक बार फिर चित्रकूट में बड़े पैमाने पर अवैध शराब की पैकरी व बिक्री हो रही है .



# तेज बारिश से कोटा नंबर एक का संपर्क सड़क से कटा

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 4 सितंबर, कल रात हुई तेज बारिश से नदी नाले एक बार फिर उफान में आ गए हैं पाकर का बचा कुचा रपटा और कोटा नदी की पुल पूरी तरह डूब चुकी है पुल के ऊपर लगभग 10 फीट पानी चल रहा है।**

यही नहीं ग्राम कोटा नंबर चारों तरफ से नदी के कटाव क्षेत्रों के कारण घिर चुका है जिससे सड़क मार्गों से ग्राम का संपर्क कर चुका है एवं जीवन अस्त- व्यस्त हुआ है। हालांकि इस नदी की विशेषता रही है कि इसका पानी उफान पर जल्दी आता है और जल्दी उतरता भी है। फिलहाल लोग अपने घरों में कैद होकर रह गए हैं ।ग्राम पंचायत कोटा की सरपंच श्रीमती सुखिया लोधी ने एहतियातन तौर पर सावधानी रखने की अपील की है एवं पानी की तरफ नहीं जाने के निर्देश दिए हैं।

# मलगांव में विराजे शिव - पार्वती और गणेश ,भक्तों ने मचाया धूम

## जिले के सभी पत्रकार भंडारा में होगे शामिल



**नवभारत न्यूज**

**कोटर 4 सितंबर, समीपी ग्राम पंचायत मलगाव में भागवत द्विवेदी के ग्रह निवास पर विराजमान शिव पार्वती गणेश हर साल की तरह 10 साल से लगातार श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर भगवान श्री गणेश जी मिट्टी की प्रतिमा स्थापित किया गया ।**

श्री द्विवेदी ने बताया कि प्रतिदिन रामायण गाने दूर दराज से कलाकार आते हैं । पंडित सनत कुमार शास्त्री के माध्यम से विधिविधान से पूजा करवाई जाती है 5 तारीख को हवन और 6 तारीख को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा है और 7 तारीख को भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा टमस नदी हनुमान मंदिर के निकट बड़े धूमधाम से विसर्जित की जायेगी। रामायण के भक्त मंडल दादु पांडे गोरईया, राजेन्द्र सिंह परिहार मझियार, श्याम बहादुर सिंह ,ललन तिवारी चुली ,उमेश द्विवेदी, बालमुकुंद पयासी घुघुचिहाई ,गणेश पांडे, बबलु गुप्ता गोरैया ,राम अवतार विश्वकर्मा, जगतनारायण त्रिपाठी डा प्रेमलाल शर्मा ,ब्रजकिशोर शर्मा, गुडडा द्विवेदी, मनीष द्विवेदी, कामता द्विवेदी ,अजय केवट ,प्रदुम केवट ,अरूणेन्द्र दुबेदी सभी गांव वासी मौजूद रहते हैं।

### संघर्षवादी युवा संगठन ने बांटी खिचड़ी

**कोटर।** संघर्षवादी युवा संगठन कोटर के सानिध्य में दुबहाई पुलिया में स्थापित मंत्री बिल्डिंग शॉप में खिचड़ी का प्रसाद श्री गणेश जी महाराज को भोग लगाया गया तत्पश्चात वितरण किया गया।



जिसमें सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालुओं ने प्रासद ग्रहण किया।इस अवसर रवि प्रताप सिंह मिनरल वाटर के संचालक,राहुल प्रताप सिंह, राजभान सिंह (काका ), महेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह ,अजय सिंह (पप्पू ),भानू प्रताप सिंह, नागेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, राम सुदर्शन सिंह,तरुणेन्द्र सिंह,अभिषेक सिंह,रोहित सिंह,टोनी शुक्ला,अंकित सिंह,दिवाकर सिंह,शनि सिंह,विकाश सिंह,वीरेंद्र सिंह,रजनीश सिंह,विशाल सिंह,मोहित सिंह,मिथुन सिंह,करुणेश सिंह,नितेश सिंह,गरुण सिंह,चक्रधर सिंह,पिंटू सिंह,गुड्डा सिंह,अनिल सिंह,रवि प्रताप सिंह( व्यवसाई)आशीष सिंह राहुल सिंह,शिवम सिंह सहित कई वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

# पीएम श्री विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 4 सितंबर, पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल नागौद में शिक्षक दिवस का गरिमामयी आयोजन संस्था के प्राचार्य ए पी सिंह परिहार की अध्यक्षता में हुआ।**

शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने केक काटकर अपनी खुशियां मनाकर एक दूसरे को केक खिलाया। प्राचार्य एपी सिंह परिहार ने छात्र-छात्राओं को शिक्षक दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया कि आप सभी शपथ लें कि हम अनुशासित व्यवस्थित व अध्ययन के प्रति समर्पित



भाव से सदैव राष्ट्रीय हित सर्वोपरि के भाव को अंगीकार करेंगे। विद्यालय के शिक्षक शंकर दयाल साहू, राकेश प्रताप सिंह, आशीष गर्ग,रत्ना सिंह, डॉ श्वेता सिंह,डॉ सीमा चौरसिया, नीलम गुप्ता,गायत्री सिंह, मनीषा मिश्रा, माया बागरी, अमिता श्रीवास्तव, मैथिली मिश्रा, रश्मि सिंह, मिताली सर्राफ, यश श्रीवास्तव, व सहयोगी दीपक रैकवार व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामपुर बाघेलान ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

**नवभारत न्यूज**

**रामपुर बाघेलान 4 सितंबर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामपुर बाघेलान द्वारा पूर्व विधानसभा प्रत्यासी एवम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामशंकर पयासी एवम पूर्व विधायक रामलखन सिंह पटेल के अगुवाई में यूरिया डीएपी खाद ,जले हुए ट्रांसफार्मर, एवम सोनौरा खेरिया महेबा एवम उमरी में सैकड़ों वर्षों से बसी हुई बस्ती को उद्योग विभाग द्वारा उजाड़े जाने के संबंध में कलेक्टर के नाम एस डी एम को ज्ञापन सौंपा गया.**



ज्ञापन सौंपते हुए रामशंकर पयासी ने किसानों को सही दाम में यूरिया डीएपी उपलब्ध कराई जाए एवम अधिकारियों को आगाह किया कि सोनौरा उमरी महेवा एवम खेरिया में सैकड़ों वर्षों से बसी हुई बस्ती को अगर उद्योग विभाग द्वारा उजाड़ा गया तो कांग्रेस पार्टी उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी पूर्व विधायक रामलखन सिंह ने जले हुए ट्रांसफार्मर एवम उद्योग विभाग की जबर्दस्ती को लेकर प्रशासन को चेतावनी दी है ।इस अवसर पर के के कुशवाहा,कार्यक्रम के संयोजक संतोष रवि,उमेश शुक्ला,संतोष कुशवाहा, रोहितकांत सिंह, नारेंद्र मिश्रा,शोभनाथ सिंह,निखिल सिंहतिवारी,विनोदशुक्ला,रामसिया चौधरी,मोलिया बाई कोल,सतीश शुक्ला,के के गौतम,रामदीन कोल,तेरसिया कोल,छविलाल रवि,राजेंद्र पांडेय,राजाभैया कोल,गजानंद कोल,बीरन कोल,धीरेंद्र कोल एवम हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# आज ई अटेंडेंस ,एनपीएस और यूपीएस को लेकर एनएमओपीएस ज्ञापन सौंपेगा

**▸ कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने बैठक ली गई।**

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 4 सितंबर, आज ई अटेंडेंस एनपीएस और यूपीएस के उपवास व काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन की अग्रिम तैयारी हेतु विमलेन्द्र सिंह जिलाध्यक्ष एनएमओपीएस के निज निवास पर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के विषय में बैठक ली गई।**

बैठक में कहा गया कि ई अटेंडेंस एनपीएस और यूपीएस के विरोध में प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम कलेक्टर सतना को ज्ञापन देना है अत: सभी कर्मचारी बंधुओं से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या बल के साथ धरना स्थल धवारी सतना में 5 सितंबर 25 को समय 12 बजे अपनी हक की लड़ाई में शामिल होकर कार्यक्रम सफल बनाए। बैठक में मुख्य रूप से बिमलेन्द्र सिंह परिहार जिलाध्यक्ष सतना , महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सतना श्रीमती रेखा बागरी , अरुण कुमार पयासी ब्लॉक अध्यक्ष नागौद ,श्रीमती सरोज सिंह , श्रीमती नीता सिंह , कर्ण देव सिंह , लालेंद्र कुमार बागरी, धनंजय प्रताप सिंह , चंद्रशेखर सोनी , राम कुशल अग्निहोत्री , जागेंद्र सिंह , राजेश शुक्ला , संजय कुमार सिंह , रंजीत रजक , ज्ञानेंद्र पांडे , उपेंद्र सिंह , विवेक रैकवार ,राहुल कुमार उपाध्याय , रविंद्र कुमार प्रजापति और संजीत रजक आदि शामिल रहे।



# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की बैंठक 7 को रीवा में


**नवभारत न्यूज**

**सतना 4 अगस्त, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र के प्रान्तीय प्रवक्ता विनय कनौजिया व जिलाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह ने बताया की संघ के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल एवं प्रान्तीय कार्यकारणी द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 7 सितंबर को रीवा संभाग के अध्यापक शिक्षक संवर्ग की लंबित मांगों के निराकरण कराए जाने संबंधी संघ के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल द्वारा संभागीय बैठक ली जाएगी।**

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र के तत्वाधान में जारी कार्यक्रम अनुसार 7 सितंबर को रीवा संभाग में संभागीय एवं जिला कार्यकारिणी सदस्यों की आवश्यक बैठक लेंगे।



जिसमें मुख्य रूप से अध्यापक शिक्षक संवर्ग की सरकार स्तर पर लंबित मांगों नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना करते हुए ग्रेज्युटी, बीमा आदि का लाभ दिलाए जाने,पुरानी पेंशन लागू कराए जाने, गुरुजियों को वरिष्ठता प्रदान करने, पदोन्नति कराए जाने,अनुकंपा नियुक्ति सरलीकरण, पात्र,लंबित अध्यापक शिक्षक संवर्ग को क्रमोन्नति का लाभ दिलाए जाने,क्रमोन्नति प्राप्त कर्मचारियों को उनके एरियर्स राशि का भुगतान,लंबित डीए एरियर्स भुगतान कराए जाने एवं ई अटेंडेंस सहित अन्य मुद्दों को लेकर प्रदेश व्यापी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र लगातार अध्यापकों के हितार्थ सरकार एवं विभागीय अधिकारियों के स्तर से अपनी मांगों को रखता आया है और निराकरण भी करवाया गया है।समय समय पर अध्यापकों की न्यायोचित मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाने का कार्य किया गया है।चाहे वह छठवां वेतन हो, सातवां वेतन हो, क्रमोन्नति, समयमान का मुद्दा हो,हर परिस्थितियों में अध्यापक शिक्षक संवर्ग के साथ संघ हमेशा खड़ा मिला है।उक्त आयोजित संभागीय बैठक में सतना जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्ष ,जिला एवं कार्यकारिणी सदस्य सहित संघ के आजीवन सदस्य उक्त कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देंगे।



# उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से भोपाल में मुलाकात

**नवभारत न्यूज**

**सतना 4 सितंबर,** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज युवा मोर्चा सतना जिला अध्यक्ष शिवेंद्र मिश्रा शिब्बू व जिला महामंत्री अरुणेंद्र मिश्रा ने मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से भोपाल स्थित निज निवास में मुलाकात कि एवं श्री राम दरबार की प्रतिमा भेंट की ।

# आरकेएस की बैठक में विधायक ने नाराजगी जताई

**▸ स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर ली गई बैठक**

**नवभारत न्यूज**

**रामपुर बाघेलान 4 सितंबर, जनपद पंचायत रामपुर बाघेलान के सभागार में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर बाघेलान आर के एस की बैठक विधायक विक्रम सिंह के मुख्यातिथ्य संपन्न हुई।**

विधायक श्री सिंह ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर नाराजगी व्यक्त की और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाली सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी राघवेंद्र गुर्जर को निर्देशित किया।



बैठक में जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू ,सी एम एच् ओ एल के तिवारी ,एस डी एम आर एन खरे, विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी ,नगर विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह, बी एम ओ राघवेंद्र गुर्जर ,बी पी ओ महेश शर्मा ,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश कचेर, सीडीपीओ कोटर अरुणेश तिवारी, सीडीपीओ रामपुर स्वेता जुनेजा ,बीआरसी संतोष पटेल ,बीपीएम विनीत सिंह ,बीसीएम रंजना पटेल, नगरपरिषद से संदीप वर्मा, पर्यवेक्षक प्रियंका शुक्ला लैब प्रभारी भरत पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मैहर में शारदेय नवरात्रि मेला 22 सितंबर से

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 4 सितंबर, जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय मैहर के सभाकक्ष में गुरूवार को सांसद गणेश सिंह और विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी की उपस्थिति में आगामी शारदेय नवरात्रि मेले की व्यवस्था को लेकर विभागीय अधिकारी एवं मां शारदा प्रबंध समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

इस मौके पर कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एएसपी चंचल नागर, एसडीएम दिव्या पटेल,, सीएसपी महेन्द्र सिंह, तहसीलदार जीतेन्द्र पटेल, सीएमओ सुषमा मिश्रा, मां शारदा प्रबंध समिति के पदाधिकारी सहित



विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। सांसद श्री सिंह ने कहा कि मैहर जिले के शारदेय नवरात्रि मेले में पूरे देश से लोग श्रद्धा से दर्शन करने आते हैं।

नवरात्रि मेले में मंदिर की सजावट और विद्युत सजावट नये स्वरूप में की जाये ताकि श्रद्धालुओं को भक्तिभाव से परिपूर्ण माहौल का अनुभव हो सके। उन्होंने कहा कि मैहर शहर के प्रवेश द्वारों पर चारों ओर सजावट की जाये। मंदिर प्रबंधन समिति के अलावा श्रद्धालुओं के लिए जलपान और अन्य सुविधाओं के लिए स्टाल स्वयं सेवी और सामाजिक संस्थायें लगाये। उन्होंने कहा कि मां के प्रसाद में पन्नी और पॉलीथीन के थैलों के स्थान पर कागज या कपडे के थैले का प्रयोग प्रोत्साहित किया जाये तथा सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस बल के अतिरिक्त स्काउट गाइड, रेडक्रास, एनसीसी और एनएसएस के कैडिटों की भी सेवायें ली सकती है। कलेक्टर मैहर श्रीमती बाटड ने कहा कि मैहर के नवरात्रि मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां शारदा के दर्शन के लिये मैहर पहुंचेंगे।

मां शारदा देवी के कुंवार नवरात्रि मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखा जाए। उन्होंने बताया कि मेले में लगभग 600 पुलिस बल रहेगा जिनके ठहरने की व्यवस्था यात्री निवास में की गई है। मेले के दौरान मां शारदा मंदिर के गर्भ गृह में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं को अस्थायी टेंट लगाकर आश्रय की व्यवस्था की जायेगी।

# मैहर में उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह 7 नवम्बर से

## 6 नवम्बर को स्थानीय नवोदित कलाकारों की होगी सांस्कृतिक संध्या, अलाउद्दीन खां संगीत समारोह संबंधी बैठक हुई

**नवभारत न्यूज**

**सतना 4 सितंबर, विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह मैहर में मां शारदा लोक की थीम पर भव्यता के साथ आयोजित किया जायेगा। उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह की प्रथम संध्या 6 नवम्बर को स्थानीय और नवोदित कलाकारों के लिए समर्पित रहेगी।**

मुख्य समारोह 7, 8 और 9 नवम्बर को आयोजित किया जायेगा। सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में संपन्न आयोजन समिति की बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और आवश्यक तैयारियां संबंधी दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी,



कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल नागर, उप संचालक संस्कृति वंदना पाण्डेय, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, डॉ. केसी जैन, संतोष सोनी, उत्तम पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य जयंती तिवारी, एसडीएम मैहर दिव्या पटेल, सीएसपी महेन्द्र सिंह, तहसीलदार जीतेन्द्र पटेल, सीएमओ सुषमा मिश्रा सहित समिति के सदस्य और विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। आयोजन समिति की बैठक में तय किया गया कि इस वर्ष उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह मैहर के दशहरा मैदान में 7. 8 और 9 नवम्बर को शाम 7 बजे से आयोजित किया जायेगा। इसके पूर्व 6 नवम्बर को समारोह की औपचारिक शुरूआत कर स्थानीय और नवोदित शास्त्रीय संगीत कलाकारों को मंच प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग भोपाल द्वारा चयनित प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जायेगी। सांसद श्री गणेश सिंह ने कहा कि मैहर जिले में होने वाले ख्यातिलब्ध उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह को मां शारदा लोक की थीम पर भव्यतापूर्वक आयोजित किया जाये। इसके लिए समय रहते आमंत्रण पत्र पर्याप्त संख्या में मुद्रित कराकर सुसंगत तरीके से वितरित किये जाये। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संध्या के अंत में भजन संध्या का कार्यक्रम भी जोडा जा सकता है। उन्होंने इस आयोजन पर लगने वाली प्रदर्शनी में मैहर जिले के वर्तमान विकास परिदृश्य और भविष्य की प्रस्तावित विकास परियोजनाओं को भी रेखांकित करने की सलाह दी।